# कारीगरों-उद्यमियों के लिए जनवरी में जेम इवेंट


राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

प्रदेश के हस्तशिल्पियों, बुनकरों, उद्यमियों, जनजातीय उद्यमियों और महिला उद्यमियों के तैयार उत्पादों को जेम पोर्टल के जरिए विभागों में बेचने का अधिक अवसर मिलेगा।

जो उद्यमी जेम से नहीं जुड़े हैं उन्हें पंजीकृत किया जाएगा। जिलों में जनवरी माह में जेम इवेंट होंगे।

## दस जिलों के आसपास के उद्यमी भी जुटेंगे

प्रदेश में जेम पोर्टल का नोडल विभाग एमएसएमई ने इवेंट के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चरण में जेम इवेंट 10 जिलों मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ कानपुर, कन्नौज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ और ग्रेटर नोएडा में इवेंट होगा। आसपास के जिलों के एमएसएमई उद्यमी, औद्योगिक संगठन हिस्सा लेंगे। इन कार्यक्रमों में शासकीय विभागों की ओर से खरीदी जाने वाली वस्तुएं-सेवा उत्पादों के रेंज में विस्तार होगा। गौरतलब है कि बीते दिनों जेम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रशांत सिंह ने एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल से मुलाकात कर आयोजन पर चर्चा की थी। राज्य के जीआई उत्पादों को चिन्हित कर जेम पोर्टल पर ऑनबोर्ड किए जाने पर भी सहमति बनी थी।



“प्रदेश के अधिक से अधिक बुनकरों, शिल्पियों, उद्यमियों और महिला उद्यमियों को जेम से जोड़कर उनके उत्पाद सभी राज्यों में शासकीय विभागों को बेचने का प्लेटफार्म दिया जाएगा। - डॉ. नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव